**NEWS CLIPPING: 17.08.2021**

**THE TRIBUNE**

# ₹70-CR PROJECTS INAUGURATED AT VARSITY

**Faridabad:** Several projects worth over Rs 70 crore were inaugurated at the JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, on the occasion of Independence Day. The foundation stones of most of the projects were laid by the Chief Minister in 2017. The projects include two multistoried buildings, a science block and a residential complex, golden jubilee gate, central instrumental laboratory, state-of-the-art digital studio and royal enfield training centre.

The Tribune Tue, 17 August 2021 https://epaper.tribune

# J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)



**NEWS CLIPPING: 17.08.2021**

## PINJAB KESARI

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में 70 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण

फरीदाबाद, 16 अगस्त (पूजा शर्मा): हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि के रूप में केन्द्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद में 70 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण किया। विश्वविद्यालय द्वारा 75वां स्वतंत्रता दिवस आज 'विकास पर्व' के रूप में मनाया गया। समारोह में मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि थे लेकिन किन्हीं व्यक्तिगत कारणों से मुख्यमंत्री कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं हो पाये।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अगुवाई में आयोजित 'लोकार्पण समारोह' में जिन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया, उनमें अधिकांश परियोजनाओं की आधारशिला 2017 में उनके द्वारा रखी गई थी। परियोजनाओं में बहुमंजिला विज्ञान खण्ड, बहुमंजिला आवासीय परिसर, केन्द्रीय उपकरण प्रयोगशाला, स्वर्ण जयंती द्वार, अत्याधुनिक डिजिटल स्टूडियो और रॉयल एनफील्ड ट्रेनिंग सेंटर (कौशल विकास) शामिल हैं। इस अवसर केन्द्रीय राज्य मंत्री ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर आधारित कॉफी टेबल बुकलेट का विमोचन भी किया गया। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने विश्वविद्यालय में स्थापित शहीद स्मारक पर वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी तथा जे.सी. बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। समारोह में फरीदाबाद के विधायक नरेन्द्र गुप्ता, विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा, तिगांव से विधायक राजेश नागर, श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपतिराज नेहरू, कुलसचिव डॉ. एस.के गर्ग, देव प्रसाद भारद्वाज तथा गंगाशंकर मिश्र के अलावा कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



*विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती द्वार का लोकार्पण करते हुए केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर साथ में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, विधायक नरेन्द्र गुप्ता तथा मंडलाध्यक्ष कुलदीप साहनी व अन्य। (छाया: एस शर्मा)*

### राज्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के नए कैंपस की प्रगति का जायजा लिया

इस अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री गुर्जर ने फरीदाबाद–गुरूग्राम मार्ग पर बनने वाले विश्वविद्यालय के नये कैंपस की प्रगति का जायजा लिया और अवगत करवाया कि जिला योजना में विश्वविद्यालय के नये कैंपस को लेकर स्वीकृति प्रदान कर दी गई है और जल्द ही औपचारिकताएं पूरी होने के उपरांत नये कैंपस का निर्माण शुरू होगा। उन्होंने विश्वविद्यालय के लिए राज्य सरकार से फंड स्वीकृत करवाने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का नया कैंपस फरीदाबाद–गुरूग्राम को जोड़ने वाली प्रस्तावित मैट्रो लाइन पर स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए 100 लाख करोड़ रुपये से अधिक की गतिशक्ति योजना की घोषणा की है, जिसका लाभ भी आने वाले समय में युवाओं को मिलेगा। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के नेतृत्व में विश्वविद्यालय द्वारा विगत छह वर्षों के दौरान किए गए ढांचागत विकास को लेकर प्रसन्नता जताते हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि यह प्रशंसनीय है कि विश्वविद्यालय ने अपने राजस्व स्रोतों को उपयोग करते हुए व्यापक ढांचागत सुविधाएं विकसित करने में सफलता हासिल की है।

विश्वविद्यालय के विकास को फरीदाबाद के विकास से जोड़ते हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कृष्णपाल ने कहा कि पिछले सात सालों में विकास के मामले में फरीदाबाद में कई बड़े बदलाव आये है और विश्वविद्यालय का ढांचागत विकास राज्य सरकार की विकास परियोजनाओं का ही हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय शैक्षणिक गुणवत्ता के लिए जाना जाता है। जिस तरह से बिजली के मामले में दक्षिणी हरियाणा को 'ए प्लस' रैंटिंग हासिल है, उसी तरह से यह विश्वविद्यालय भी प्रस्तावित नैक मूल्यांकन में 'ए प्लस' रैंटिंग हासिल करेगा, ऐसा उनका विश्वास है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की सबसे पुरानी कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में इस समय 10 हजार विद्यार्थी शिक्षा ले रहे है।

**NEWS CLIPPING: 17.08.2021**

**DAINIK JAGRAN**

**एनसीसी कैडेट व सुरक्षाकर्मियों ने मार्च की सलामी ली:** जेसी बोस (वाईएमसीए) विश्वविद्यालय में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने ध्वजारोहण किया। कुलपति ने एनसीसी कैडेट, एनएसएस वालंटियर्स तथा सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट की सलामी ली। कार्यक्रम का आयोजन निदेशक युवा कल्याण डा.प्रदीप कुमार तथा डिप्टी डीन डा.अनुराधा पिल्लाई की देखरेख में किया गया।